## एक नजर

### आरसीएचओ डॉ. विशाल सिंह ने किया निरीक्षण



सीमा सन्देश संवाददाता

**सीकर।** जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने शुक्रवार को चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया।

उन्होंने खंडेला ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर विजयपुरा, पीएचसी हांसपुर, सीएचसी मऊ और महरौली का निरीक्षण कर संस्था के प्रभारी को प्रसव, एएनसी, टीकाकरण के लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि अर्जित करने के लिए निर्देश दिए। स्टॉफ की उपस्थिति, प्रसव, टीकाकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान, स्टॉफ डायरिया कैम्पेन, कोल्ड चैन प्वाइंट पर वैक्सीन का रखरखाव, साफ सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, जांच की स्थिति एवं उपकरणों का रखरखाव आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली और निर्देश दिए।

### पूर्व सरपंच को भ्राता शोक

सीमा संदेश संवाददाता

**परबतसर।** पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया ने संवाददाता दीनानाथ योगी को बताया कि विधानसभा क्षेत्र परबतसर के ग्राम गूलर निवासी एवं सरपंच अमर सिंह राजपुरोहित के पूज्य भ्राताश्री के देवलोकगमन उपरांत आज उनके निवास स्थान पहुँचकर दिवंगत पुण्यात्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

राजस्थान सरकार के माननीय प्रभारी मंत्री, डीडवाना-कुचामन तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी (PHED) एवं भूजल विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी भी शोक सभा में उपस्थित रहे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

### सी आर चौधरी अध्यक्ष किसान आयोग ने प्रशिक्षण शिविर समापन-समारोह में भाग लिया



सीमा संदेश संवाददाता

**परबतसर।** सी आर चौधरी साहब अध्यक्ष किसान आयोग ने संवाददाता दीनानाथ योगी को बताया कि आज वीर तेजा महिला शिक्षण एवं शोध संस्थान, तेजास्थली मारवाड़ मुण्डवा में ग्रीष्मकालीन शिक्षण एवं खेलकूद प्रशिक्षण शिविर समापन-समारोह में भाग लिया। इस शुभ अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि सीताराम टोडावत (अध्यक्ष प्रादेशिक वीर तेजा जाट विश्रामस्थली समिति, ग्राम - सुरसुरा, अजमेर) एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम के तहत विधायक राजेन्द्र भाम्बू का सोलाना में रात्रि प्रवास

सीमा सन्देश संवाददाता

**झुंझुनूं।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम के अंतर्गत झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने सुलताना मंडल की ग्राम पंचायत सोलाना में रात्रि प्रवास किया। इस दौरान विधायक भाम्बू ने ग्रामीणों एवं प्रबुद्धजनों से जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं को सुना। जन-सुनवाई के माध्यम से आमजन ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं मांगें विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

# ग्रामीण सेवा शिविर का चौधरी ने किया निरीक्षण

**सांजू में 'ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन, 49 प्रकरणों का निस्तारण, 200+ का स्वास्थ्य परीक्षण**




सीमा सन्देश संवाददाता

**डेगाना।** शहर के गांव सांजू में गुरुवार शाम को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शाम को केबिनेट जलदाय विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने निरीक्षण किया।

शिविर में आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर दिया गया। जलदाय मंत्री ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा शिविर का लाभ लेने के लिये आमजन की सुविधा के लिये किया गया है। तथा सभी समस्या का समाधान भी शिविर मे तुरंत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा जनता को सरकारी योजना का लाभ देने के लिये ही ऐसे शिविर का आयोजन कर रहै है।

### 49 प्रकरण प्राप्त, मौके पर हुई कार्रवाई

शिविर में पंचायती राज, राजस्व, विद्युत, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी, कृषि एवं रोडवेज सहित विभिन्न विभागों के कुल 49 प्रकरण प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यक कार्यवाही की गई। चिकित्सा विभाग द्वारा 200 से अधिक व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा का चैक वितरित

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक लाभार्थी को 2 लाख रुपये की दावा राशि का चेक वितरित किया गया। राजस्व विभाग ने लगभग 1 किलोमीटर लंबे कदीमी रास्ते को राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया।

### किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित

शिविर में अन्नप्राशन संस्कार, गर्भवती महिला की गोद भराई और एक बालिका का जन्मदिन मनाकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का संदेश दिया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड भी वितरित किए गए। शिविर में जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, महिला बाल विकास एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग राज्यमंत्री मंजू बागमार, जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार व विधायक अजय सिंह किलक मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और समस्याओं का त्वरित समाधान करने का भरोसा दिलाया।

**संतों के प्रवचनों से भक्त हुए भाव-विभोर**

# राम-जानकी विवाह उत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

**महिलाओं ने साडी, आभूषण और श्रगंरार सामग्री भेंट देकर किया कन्यादान**



सीमा सन्देश संवाददाता

**डेगाना।** श्री राम महायज्ञ एवं रामकथा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित राम-जानकी विवाह प्रसंग में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्रीराम और माता जानकी के दिव्य विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का संदेश दिया। कथावाचक पारसमणि जी महाराज ने रामकथा के दौरान भगवान श्रीराम और माता जानकी के विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं मनोहारी वर्णन किया। कथा मे भाग लेने आये यज्ञ सम्राट प्रखर जी महाराज ने अपने प्रवचनों मे कहा की ₹कथा सुनने से भगवान के प्रति प्रेम उत्पन्न होता है और प्रेम से संबंध बनता है। जब एक बार भगवान से संबंध स्थापित हो जाता है, तब समझो व्यक्ति ने संसार को जीत लिया। इसलिए जब भी कथा सुनने का अवसर मिले तो जरूर सुनें जिससे आवागमन से मुक्ति मिलेगी। कथा के दौरान राम जानकी विवाह की भव्य झांकी सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम में आसाम स्थित कामाख्या शक्तिपीठ से पधारे संत अघोरी शैलेन्द्र जी महाराज ने भी दर्शन देकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं इस दिव्य धार्मिक आयोजन के मुख्या संकल्पदास जी ने अपने प्रवचनों में भगवान की लीलाओं का संक्षिप्त वर्णन करते हुए धर्म, सेवा और भक्ति का महत्व बताया। इस अवसर पर वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार तुलसी-शालिग्राम विवाह भी संपन्न कराया गया। विवाह समारोह में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कन्यादान किया तथा श्रद्धानुसार साड़ियां, आभूषण और धनराशि अर्पित की। पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण बना दिया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने श्रीराम महायज्ञ में भाग लेकर अपने एवं परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। आयोजन के कर्ता संकल्प दास जी महाराज ने क्षेत्रवासियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन भारतीय सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के साथ-साथ नई पीढ़ी को धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में रामचंद्र बिंदा, खेताराम बेनीवाल, कैलाश बेनीवाल, बेनिगोपाल शर्मा, रामस्वरूप सोनी, द्वारका प्रसाद हैड़ा, भवानीसिंह, अश्विनी गोयल ठेकेदार, छोटूसिंह, गिरधारी लाल सोनी, बाबुलाल दाधिच, दशरथ सिंह, कण सिंह, लक्ष्मणदास वैष्णव, हनुमानराम मुवाल, सत्यनारायण शर्मा, श्रीबल्लभ गिलडा, रूपाराम सींवर, विनोद गिलडा, ज्योति गिलडा, जगदीश हैडा, मोहनसिंह रेवंत, जगदीश प्रजापत, दुगार्लाल प्रजापत सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा श्रवण किया और धर्म लाभ प्राप्त किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



सीमा सन्देश संवाददाता

**डेगाना।** आगामी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को चिल्ड्रन पार्क, डेगाना में आयोजित होने वाले भव्य योग कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन, व्यवस्थाओं तथा अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह आयोजन उपखंड प्रशासन एवं आयुष विभाग, डेगाना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति एवं भारत विकास परिषद के सहयोग पर भी चर्चा की गई।बैठक में आयुष विभाग की ओर से डॉ. लाखन चंद मीणा, डॉ. तारिक तथा योग शिक्षक पवन खटोड़ उपस्थित रहे। उन्होंने योग दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जनजागरूकता गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को योग दिवस से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रचार-प्रसार कार्यक्रम संचालित करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति व भारत विकास परिषद के कन्हैयालाल सोनी, गिरवर सिंह, डॉ. आर.के. चौधरी, भंवरलाल सारण, नरेंद्र कुमार अरोड़ा, अब्दुल गन्नी, केदारमल गिलड़ा, पवन कुमार सोमानी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में अपनाना आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों से 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।बैठक में निर्णय लिया गया कि योग दिवस पर प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग कराया जाएगा तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण की जाएंगी।

## डेगाना: वार्ड 5-6 में शहरी सेवा शिविर आयोजित

सीमा सन्देश संवाददाता

**डेगाना।** शुक्रवार को नगरपालिका सभागार में राज्य सरकार के निदेर्शानुसार वार्ड संख्या 05 व 06 का शहरी सेवा शिविर आयोजित किया गया। यह कैम्प 12 जून से 15 जुलाई तक चलेगा। शिविर का उद्देश्य आमजन को सरकारी सेवाएं मौके पर उपलब्ध कराना है।

विधायक और उपखंड अधिकारी ने किए पट्टे जारीः शिविर में विधायक अजय सिंह किलक और उपखंड अधिकारी मोहन चौधरी ने कृषि भूमि नियमन के तहत सीताराम पुत्र गुलाबदास वैष्णव से नियमानुसार राशि जमा कराकर पट्टा जारी किया। 69-क के तहत 02 पट्टे भी वितरित किए गए। जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन के 2 प्रमाण पत्र भी मौके पर जारी कर दिए गए।




### शिविर में मिलेंगी ये सुविधाएं

शिविर में कृषि भूमि पट्टे, 69-क के पट्टे, भवन निर्माण स्वीकृति, नामान्तरण, सफाई व्यवस्था, जन्म-मृत्यु पंजीयन, विवाह पंजीयन, राशन, स्ट्रीट लाइट, सड़क, नाली, पेंशन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना, प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

### ये रहे मौजूद

शिविर में अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र कुमार, शहर मण्डल अध्यक्ष भाजपा महेश दिवाकर, भाजपा महामंत्री मोहन सिंह व नगरपालिका कार्मिक दिनेश माकड़, अल्का बिश्नोई, मोहनलाल, जगदीश सैनी, कमलेश कुमार दरिया, सतपाल, श्रीमती जस्सी, कमलकिशोर पारीक, इन्द्रा सिंवर, दीपक, महिला बाल विकास विभाग से सोनिया, सीता, सन्तोष, चिकित्सा विभाग से जानकी आदि उपस्थित रहे।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय : केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +91 44 4564 4000 । फैक्स- +91 44 4564 4022

**सार्वजनिक सूचना**
**सोने की पुनः नीलामी सह-आमंत्रण सूचना (ऑनलाइन)**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों और आमजन को सूचित किया जाता है कि उन्होंने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से सोने के आभूषण गिरवी रखकर ऋण लिया था और बार-बार याद दिलाने और नोटिस भेजने के बावजूद, वे निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। तदनुसार, बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, बकाया राशि की वसूली के लिए गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की 21/07/2026 को एक सार्वजनिक पुनः नीलामी आयोजित करेगा। ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण/बोली की तिथि से पहले लागू ब्याज, प्रभारों और खर्चों सहित पूरी बकाया राशि का भुगतान करने का यह अंतिम अवसर है, अन्यथा नियामक द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को नीलामी के माध्यम से बेच दिया जाएगा।

| ऋण खाता संख्या | ऋणधारक का नाम | शखा का नाम |
|---|---|---|
| 179212755 | गुलाब सिंह | बाड़मेर एमबीएल |
| 174066247 | जमना देवी | सुजानगढ़ ग्रामीण |
| 179409093 | दिलीप सोहन | नांदड़ी ग्रामीण |

नीलामी की स्थिति में यदि कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो वह संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दी जाएगी। नीलामी के बाद यदि कोई घाटा/कमी रह जाती है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार रखता है। इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के, अपने विवेकानुसार नीलामी कार्यक्रम को संशोधित करने या बाद की तिथि तक स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**नीलामी 21/07/2026 को दोपहर 12:00 बजे से सायं 2:00 बजे तक https://idfcegold.auctiontiger.net और दोपहर 03.00 बजे से सायं 5:00 बजे तक https://gold.samil.in के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।**
कृपया ध्यान दें, यदि ग्राहक की मृत्यु हो चुकी है तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उसके नोमिनी/कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

हस्ता./-
दिनांकः 20.06.2026 प्राधिकृत अधिकारी वास्ते
स्थानः राजस्थान आईडीएफसी बैंक लिमिटेड

## वनशाला शिविर में सार्थक संवाद एवं प्रज्ञा प्रहार कार्यक्रम आयोजित

सीमा सन्देश संवाददाता



**नवलगढ़।** दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ के तहत संचालित सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नवलगढ़ में वनशाला शिविर के चतुर्थ दिवस पर सार्थक संवाद एवं प्रज्ञा प्रहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय युवा कौन।. समस्याओं के निवारण में भूमिका रहा कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. सत्यवीर जी, (आयुर्वेदिक विभाग) डॉ. गोपाल कृष्ण (सेवानिवृत प्रधानाचार्य) एवं डॉ. अनिल सैनी (व्याख्याता एवं लेखक हरियाणा शिक्षा विभाग) उपस्थित रहे। वक्ताओं ने युवाओं की सामाजिक समस्याओं के समाधान, नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दुर्गा भोजक ने की तथा मंच संचालन डॉ. अनिल कुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विषय पर सार्थक संवाद प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के मध्य बिना आग के व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह, छात्रावास अधीक्षिका सविता कुमारी तथा प्रो. प्रवीण कुमार, सेठ जी.बी. पोदार टी.टी. कॉलेज द्वारा किया गया। निर्णायकों ने स्वाद, पौष्टिकता, स्वच्छता एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया गया।

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रएनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
ब्रांच ऑफ यूनिट : प्लॉट नं. 87 सी, वीर दुर्गा दासे नगर, पाली, राजस्थान - 306401
ई-नीलामी- बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत
सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**
एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।
सुरक्षित आस्तियों को कॉलम (जे) में उल्लेख के अनुसार ई-नीलामी के माध्यम से 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है' के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे का प्रकार(सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित राशि (ई) | ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि(जी) | बोली वृद्धि (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई) | नीलामी की तिथि और समय (जे) | ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण संख्या HL00635100000005045277 अशोक कुमार मालवीय (ऋणधारक) डिम्पल डिम्पल (सह-ऋणधारक) | नोटिस दिनांकः 10.09.2025 कुल बकायाः रु. 1414500/- (रुपये चौदह लाख चौदह हजार पांच सौ मात्र) 10.09.2026 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक @13.85 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित | भौतिक | वर्धमान नगर, पाली, तहसील पाली और जिला पाली, राजस्थान के खसरा नंबर 1264/1, स्थित प्लॉट नंबर 79 के पश्चिमी भाग, चक नंबर 1 के सम्पत्ति समस्त खंड एवं हिस्से। अधिमापन क्षेत्र 500 स्क्वै. फुट है (जिसे आगे उक्त संपत्ति के रूप में संदर्भित किया गया है)। और इस भूखंड की सीमाएं इस प्रकार हैं- उत्तर : 20 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण : प्लॉट नंबर 82, पूर्व : प्लॉट नंबर 79 का शेष भाग, पश्चिम : प्लॉट नंबर 80, जिसका क्षेत्र 500 वर्ग फुट है। | रु.1050000/- (रुपये दस लाख पचास हजार मात्र) | रु. 105000/- (रुपये एक लाख पांच हजार मात्र) | 07.07.2026 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 01.07.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे ) | 08.07.2026 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |
| 2. | ऋण संख्या LAP0666200000005043877 & HL00666200000005036586 नरेन्द्र मीणा (ऋणधारक) हीरा बाई मीणा (सह-ऋणधारक) | नोटिस दिनांकः 10.09.2025 कुल बकायाः रु. 2006915/- ऋण खाता संख्या LAP0666200000005043877 के अधीन बकाया ओर देय राशि 556,507.00/- रुपये और ऋण खाता संख्या HL00666200000005036586 के अधीन बकाया और देय राशि 14,50,408.00/- व इस पर भुगतान तक क्रमशः 15.35 प्रतिशत और 12.85 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज सहित। | भौतिक | गांव अलवर नंबर 2, तहसील व जिला अलवर के खसरा नंबर 1937 स्थित सम्पत्ति नं. 94 के समस्त खंड एवं हिस्से। क्षेत्र 182.59 स्क्वै. याडर्स, भूखंड की सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व : सड़क, पश्चिम : प्लॉट नंबर 93, उत्तर : प्लॉट नंबर 95, और दक्षिण : सड़क। | रु. 5327142.00/- (रुपये तिरेपन लाख सताईस हजार एक सौ बियालीस मात्र) | रु. 532714.20/- (रुपये पांच लाख बत्तीस हजार सात सौ चौदह व पैसे बीस मात्र) | 20.07.2026 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 07.07.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे ) | 21.07.2026 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त प्रभारों, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर- 9948182222 से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915 के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, या उससे पहले जैसा कॉलम (जी) में संदर्भित किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए यहां पता - प्लॉट नं. 87 सी, वीर दुर्गादास नगर, पाली राजस्थान-306401, मोबाइल नं. +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या www.grihumhousing.com पर जाएं।
**यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 15/30 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।**
**किसी भी स्थिति में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी अखबार के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है, तो द इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अंग्रेजी अखबार की सामग्री मान्य होगी।**
दिनांकः 20.06.2026, स्थानः राजस्थान हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

स्वामी सीमा-सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं प्रधान संपादक विनीत कुमार शर्मा द्वारा जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर- 302004 से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय, जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर- 302004 से मुद्रित। फोनः 2700113, आरएनआई रजि. नं. 48910/91 जयपुर। मुख्य कार्यालय-चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर, फोनः 0154- 2466402, 2466403